हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 7 सितंबर 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

11 सीएमएचओ ने किया साप्ताहिक बैठक का...

12 गणपति जी के विसर्जन का सिलसिला शुरू


श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध



बच्चों में हर्निया
हर्निया ऑपरेशन से ठीक होने वाली बीमारी है, दवाईयाँ केवल समय और पैसे की बर्बादी है,
जागरूक रहें, बच्चों के सर्जरी विशेषज्ञ से एक्सपर्ट ओपेनियन लें, सही समय पर सही इलाज कराएं।
आयुष्मान योजना में निःशुल्क ऑपरेशन सुविधा*
एसएमसी हॉस्पिटल
रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी
मो. 7725046397
आज ही सम्पर्क करें
डॉ प्रदीप साहू (शिशु शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ)
MBBS, MS, MCH (PGIMER, CHANDIGARH)
15 वर्षों का विशाल अनुभव, हज़ारों बच्चों की सफल सर्जरी
प्रदीप हॉस्पिटल
बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी
मो. 7725001343



## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 सितम्बर सोमवार को कर्मचारी भवन तहसील कार्यालय के पास धमतरी में आयोजित है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन, अध्यक्ष पद के निर्वाचन की घोषणा एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, गणेश राव पवार, बलवंत राव पवार, लालाराम मगेन्द्र, डॉ. भारती राव, एस.आर. नेले एवं हनुमान सिंह वर्मा ने की है। यह जानकारी सचिव अरूण कुमार गौर ने दी है।

### दुगली में वनग्रामों की समस्या पर 9 को बैठक

**धमतरी।** जिले के 110 वनग्रामों के जिला स्तरीय संगठन की बैठक दुगली के बहारराय मंदिर प्रांगण में 9 सितंम्बर को दोपहर 12 बजे रखी गई है। बैठक में एग्रीस्टेक आईडी कार्ड एवं वनग्रामों की राजस्व आनलाइन भुइयां पोर्टल पर रिकार्ड से संबंधित चर्चा की जायेगी। बैठक जिला अध्यक्ष बंशीलाल सोरी के निर्देश पर रखी गई है। यह जानकारी वनग्राम संघर्ष समिति के जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र राज ने दी है।

### निःशुल्क मेडिटेशन कैम्प 8 से




**नगरी।** जैन समाज एवं शांत क्रांति संघ नगरी द्वारा निःशुल्क मेडिटेशन कैम्प का आयोजन 8 से 15 सितम्बर तक कृषि उपज मंडी नगरी के प्रांगण में सुबह 7.15 से 8.15 बजे किया जा रहा है। ज्ञात हो कि नगरी में जैन आचार्य विजयराज मसा की आज्ञानुवर्ती साध्वी वैभव श्रीजी, काव्या श्रीजी, प्रतीक्षा श्रीजी ओसवाल भवन में चातुर्मास के लिये विराजित हैं। आज लगभग लोग ध्यान से दूर होते जा रहे हैं। आत्म शुद्धि के साथ साथ शारीरिक व्याधि जैसे गैस, अल्सर, बीपी, डायबिटीज, माइग्रेन, शुगर, थाइराइड आदि के लिए ध्यान के माध्यम से मेडिटेशन वैभव श्रीजी मसा द्वारा कराया जायेगा। यह जानकारी अनिल छाजेड़ सचिव जैन श्री संघ ने दी है।

### भूतपूर्व छात्राओं का मिलन समारोह 10 को

**धमतरी।** रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में सत्र 2000-2001 के पश्चात से अब तक शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में अध्ययन की हुई भूतपूर्व छात्राओं का मिलन समारोह 10 सितंबर को प्रातः 11:30 बजे रखा गया है।

### जिले में शहर से लेकर गांव तक आए दिन हो रही गंभीर वारदात

# कई गुना बढ़ा सूखा नशा इसलिए क्राइम रेट उछाल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर ही नहीं पूरा जिला नशे की गिरफ्त में है। खासकर सूखा नशा गली, चौराहों में बिक रहा है। पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। इसके बाद नशे का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। नशे की झोंक में युवा बड़े अपराध करने से भी नहीं चूक रहे हैं।

पिछले दो से तीन साल में धमतरी जिले में क्राइम रेट काफी बढ़ा हुआ है। आए दिन चाकूबाजी, हत्या जैसे संगीन अपराध हो रहे हैं। यह अपराध केवल शहर में नहीं हो रहा है बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में भी क्राइम रेट शहर से ज्यादा है। ग्रामीण क्षेत्र में भी असामाजिक तत्वों के कई गैंग सक्रिय हो चुके हैं, जो छोटे से लेकर बड़े अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। अपराध बढ़ने का मुख्य कारण सूखा नशा को माना जा रहा है। शराब के साथ अब जिले में गांजा, अफीम, हेरोइन, नशे वाली टेबलेट, साल्युशन आदि का नशा बढ़ता जा रहा है। यह सूखा नशा इतना ज्यादा खतरनाक है, कि यह सीधा दिमाग पर असर डालता है। नशे की झोंक में वह बड़े अपराध करने से भी नहीं चूकता है।

**केस 1**


करीब 25 दिन पहले सिहावा रोड में रायपुर से आए तीन युवकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें दो नाबालिग भी शामिल थे। आरोपी नशे में इतने मस्त थे कि हत्या करने के बाद भी वे पुलिस वैन में विक्ट्री पोज दे रहे थे।

**केस 2**

भानपुरी हत्याकांड में पुलिस ने भखारा क्षेत्र के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कुछ और आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। सूत्र बताते हैं कि इनमें से कई आरोपी सूखा नशा करते थे। सभी आरोपी आसपास गांव के रहने वाले हैं। जरूरत पूरी करने के लिए इन आरोपियों ने हत्याकांड को अंजाम दिया है।

**केस 3**

दो दिन पहले गणेश चौक के पास एक युवक ने दूसरे युवक को लोहे की राड से घायल कर दिया। जमकर मारपीट भी की। बताया गया है कि दोनों युवक नशे के सौदागर हैं। एक अवैध शराब बेचता है जबकि दूसरा गांजा। किसी मामले को लेकर दोनों के बीच विवाद था।

### कार्रवाई के बाद भी फैल रहा नशे का कारोबार

धमतरी पुलिस लगातार नशे के खिलाफ अभियान चला रही है। जितनी तेजी से पुलिस नशाबंदी का अभियान चला रही है, उससे दोगुनी तेजी से नशे का कारोबार फैल रहा है। अब तो धमतरी में हेरोइन जैसे ड्रग्स भी पहुंच गए हैं। पुलिस ने कई मामलों में ड्रग्स के साथ नशे के कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। कुछ दिन पहले निश्चय अभियान के तहत संभाग के सभी जिलों में छापामार कार्रवाई की गई थी। इस कार्रवाई में भी धमतरी में नशे के सौदागरों को पकड़ा गया था।

### गणपति बप्पा मोरया.. अगले बरस तू जल्दी आ..


**धमतरी :** आमापारा चौक की गली में विराजित भव्य गणेश परिवार की प्रतिमा आकर्षण का केन्द्र रहा।

## बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर का सिस्टम हो रहा तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- 12-13 सितंबर को तेज बारिश की संभावना

आगामी दिनों में बारिश की स्थिति किसानों से साझा की गई है। मौसम सूत्रों के अनुसार 9 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर का सिस्टम डेव्हलप होगा 12 सितंबर से बारिश की गतिविधियों में वृद्धि होगी। इस बीच किसान अपनी फसल पर खाद, दवा का छिड़काव कर सकते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी पर 9 सितंबर को निम्न दबाव का क्षेत्र बनेगा। यह सिस्टम आंध्रप्रदेश के दक्षिणी हिस्सों को पार करते हुए बस्तर क्षेत्र से आगे बढ़ेगा। इसके प्रभाव से 12 एवं 13 सितंबर को बस्तर तथा मध्य छत्तीसगढ़ में अच्छी बारिश की स्थिति बनेगी। इसके बाद संभावना है कि यह सिस्टम राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र पहुंचकर वापस यू-टर्न लेगा, जिससे 16 एवं 17 सितंबर को सरगुजा संभाग में तेज बारिश हो सकती है।

### तीन-चार दिन मौसम खुलेगा

12 सितंबर से मध्य छग में बारिश की गतिविधि शुरु होगी । किसान आने वाले तीन चार दिन में खाद या दवाई का छिड़काव कर सकते हैं। मौसम विभाग ने सूचना जारी कर कहा है कि अगले दो दिन में पूरे प्रदेश में वर्षा वितरण और तीव्रता में कमी आने की संभावना है। मानसून द्रोणिका जैसलमेर से होकर गुजर रही है। यह दक्षिण राजस्थान के मध्य भाग, गुणा, दमोह, पेंड्रा, संबलपुर, गोपालपुर पर बने निम्नदाब के केंद्र से बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। निम्नदाब से जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण मध्यप्रदेश होते हुए झारखंड तक 0.9 और 1.5 किमी की उंचाई पर बना है। बंगाल की खाड़ी, दक्षिण उड़ीसा, उत्तरी आंध्रप्रदेश के तटों पर उपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण कम हुआ है। रविवार को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

## कुकरेल तहसील में तेंदूकोन्हा को शामिल करने पर ग्रामीणों की आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

कुकरेल तहसील परिसीमन में ग्राम तेंदूकोन्हा को शामिल करने पर ग्रामीणों ने आपत्ति की है। तेंदूकोन्हा के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि तेंदूकोन्हा धमतरी शहर से 7 किमी दूर है। धमतरी तहसील तथा जिला मुख्यालय में जाने के बाद सभी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। समय की बचत भी होती है। कुकरेल तहसील तेंदूकोन्हा से करीब 11 किमी दूर है। यहां आने-जाने के लिए संसाधनों की कमी है। इससे ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।



ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें कुकरेल तहसील में शामिल करने की पूर्व में कोई जानकारी नहीं दी गई है। पंचायत से भी ग्रामीणों को कोई सूचना नहीं दी गई। 3 सितंबर को हल्का पटवारी द्वारा गांव में सूचना पत्र चस्पा किया है जिसमें तेंदूकोन्हा को कुकरेल तहसील में शामिल किए जाने की जानकारी दी गई है। ग्रामीण अमरसिंग, रामचरण, किशन यादव, सोमनाथ, रामानंद, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष रमेशकुमार, कोषाध्यक्ष सुखदेव ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों के हित को ध्यान में रखते हुए नवनिर्मित कुकरेल तहसील में शामिल करने पर आपत्ति जताई है।

## गणेश विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम भुरसीडोंगरी में गणेश विसर्जन के दौरान एक दुखद हादसा हो गया। विसर्जन के पश्चात तालाब में नारियल फेंकने की परंपरा निभाई जा रही थी, तभी नारियल निकालने के प्रयास में एक युवक गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई।

घटना सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम भुरसीडोंगरी की है। मृतक युवक की पहचान महेश यादव उम्र लगभग 40 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जाता है कि ग्रामवासी विधि-विधान से भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन करने तालाब पहुंचे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। मामले की सूचना मिलते ही सिहावा थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की। पुलिस के अनुसार युवक गहरे पानी में जाने से डूब गया। शव को तालाब से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है और गणेश विसर्जन का उत्सव मातम में बदल गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

# गणेश विसर्जन के लिए पुलिस ने की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गणेश विसर्जन को लेकर पुलिस, निगम, सिंचाई विभाग एवं गोताखोरों ने संयुक्त रूप से तैयारी कर ली है। वहीं पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट मोड पर आ गई है। इस दौरान सिविल ड्रेस में तैनात पुलिस आसामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखेगी।

श्री गणेश भगवान की झांकी एवं विसर्जन कार्यक्रम को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने एसपी के निर्देशानुसार जिले के सभी अनुभाग में पुलिस ने व्यापक स्तर पर मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की है। झांकी व विसर्जन के लिए पुलिस द्वारा पूर्व में ही तैयारी कर ली गई है। जिसके तहत सभी अनुभाग में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं।



राजपत्रित अधिकारी स्वयं स्थल पर मौजूद रहकर लगातार निगरानी करेंगे। सिविल ड्रेस में पुलिस के जवान भीड़ में रहकर प्रत्येक गतिविधि पर बारीकी नजर रखेंगे। सीसीटीवी कैमरे की मदद से भीड़ पर नजर रखी जाएगी। पूर्व तैयारी के चलते असामाजिक व अराजक तत्वों व पुराने रिकार्डधारियों को सुबह से ही राउंडअप किया गया। विसर्जन स्थल पर पुलिस के साथ-साथ अन्य विभाग के कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। नगर निगम विसर्जन स्थल में स्वच्छता व्यवस्था देख रहा है। सिंचाई विभाग द्वारा जलस्तर व तकनीकी सहयोग किया जाएगा। नगर सेना के गोताखोर सुरक्षा एवं आकस्मिक परिस्थितियों में बचाव का कार्य करेंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार एवं अपातकालीन सेवाएं दी जाएगी। वहीं प्रतिमाओं को सुरक्षित विसर्जन के लिए क्रेन उपलब्ध कराया गया है।

### यातायात व्यवस्था बनाने के विशेष निर्देश

यातायात प्रबंधन के लिए यातायात प्रभारी एवं थाना प्रभारियों को विशेष दिशा - निर्देश दिया गया है। जुलूस मार्ग एवं विसर्जन स्थल पर यातायात बाधित न हो इसके लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं। वहीं समितियों से गणेश की मूर्ति ले जाते समय विद्युत तारों एवं भीड़भाड़ का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई है।

### सुरक्षा नियमों का पालन करें

एसपी सूरजसिंह परिहार ने कहा है कि गणेश विसर्जन का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का प्रतीक है। सभी नागरिकों से अपेक्षा है कि इसे शांति एवं सौहाद्र के साथ मनाएं। प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। पुलिस हर परिस्थिति पर नजर रखी हुई है।

### परसुली में अखंड रामधुनी प्रतियोगिता 13 से

**धमतरी।** ग्राम परसुली में ग्रामवासियों के सहयोग से 13 से 15 सितंबर तक तीन दिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर निषाद व उपाध्यक्ष मेघनाथ साहू ने बताया कि यहां कई साल से रामधुनी का कार्यक्रम होते आ रहा है, जिसे आज भी ग्रामवासियों ने कायम रखा है। मुख्य अतिथि सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, नीलकंठ साहू, प्रभुराम निषाद, उपसरपंच घनश्याम बांधे होंगे।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## पुरूर में गणेश उत्सव



पुरूर(धमतरी) : नवदीप गणेशोत्सव समिति ग्राम चिटौद।



पुरूर(धमतरी) : जय ठाकुर देव गणेशोत्सव समिति चिटौद

### नशामुक्त एवं स्वच्छ ग्राम अभियान को 76 पंचायतों का मिला संकल्प

# कुरूद जनपद बनेगा सामाजिक परिवर्तन का अग्रदूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

जनपद पंचायत कुरूद में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में सरपंच संघ कुरूद ने नशा मुक्त एवं स्वच्छ ग्राम अभियान को राष्ट्रीय स्तर का मॉडल बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया। बैठक में कुल 76 पंचायतों के सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधियों ने भागीदारी सुनिश्चित की और इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरपंच संघ के अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने सभी सरपंचों एवं आमंत्रित अतिथियों का स्वागत करते हुए की। तत्पश्चात संघ के संरक्षक टिकेश साहू ने वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों की गंभीरता पर प्रकाश डाला और जनप्रतिनिधियों से इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का आग्रह किया। इस प्रयोजना के सूत्रधार एवं सरपंच संघ मीडिया प्रभारी योगेश साहू ने अभियान की पूर्ण कार्ययोजना सभी सरपंचों एवं प्रतिनिधियों के बीच रखी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना के माध्यम से न केवल नशा मुक्त और स्वच्छता की दिशा में कार्य होगा, बल्कि यह ग्राम स्तर पर स्थायी सामाजिक चेतना और विकास का आधार बनेगा।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने कहा कि कुरूद जनपद की यह पहल आने वाले समय में प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल सिद्ध होगी। अनुपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों से भी व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उन्हें इस योजना से जोड़ा जाएगा। सरपंच संघ कुरूद द्वारा इस परियोजना को सरल एवं प्रभावी रूप में लागू करने हेतु विस्तृत कार्ययोजना फाइल तैयार कर सभी पंचायतों को वितरित की गई।

उल्लेखनीय है कि इस योजना पर पूर्व में ही कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं जिपं अध्यक्ष की सहमति प्राप्त हो चुकी है तथा सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है। अभियान का व्यापक दायरा 108 पंचायतों एवं 132 ग्रामों तक फैला होगा और इसे मेरा गांव मेरा अभिमान अंतर्गत क्रियान्वित किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ के चुनिंदा कलाकारों के साथ इन्होंने भी दिखाई अपनी कला

# नन्ही नृत्यांगनाओं को पावस प्रसंग के मंच में नृत्य करने का मिला मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



सांस्कृतिक विभाग छग शासन द्वार पावस प्रसंग 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुरुद की नन्ही नृत्यांगनाओं ने अपने कला कौशल का प्रदर्शन कर नगर एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बता दें कि इस कार्यक्रम में छग के कुछ खास शास्त्रीय संगीत तथा नृत्य कलाकारों को ही अवसर दिया जाता है। इस दौरान 2019 से कुरूद में संचालित गीताजंलि कला केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली पूर्वी साहू, तेजल वर्मा, सिया शर्मा, श्रेया श्रीवास, नेहा साहू, तुलीसा साहू को कत्थक गुरु जुगराज बाग के निर्देशन में नगर की बालिकाओं को भी अपना कला दिखाने मंच मिला है। ये बालिकाएं लगातार देश विदेश में जाकर कुरूद नगर को गौरवान्वित कर चुकी हैं। पूर्व में नेपाल, हरिद्वार, शिमला, पुरी, भुवनेश्वर, उज्जैन, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, नागपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में विजेता रह चुकी हैं। इन सभी सफलता के फलस्वरूप इस वर्ष संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित पावस प्रसंग 2025 में इन्हें अवसर मिला है। इस उपलब्धि पर गीतांजलि कला केंद्र की संचालक रंजना मुदलियार, अंजलि नायडू, निशा रानी वर्मा, विनीता साहू, सुमन शर्मा, संगीता साहू, अनिता श्रीवास और समस्त पालकों ने हर्ष जताया है।

## स्क्वैश चयन प्रतियोगिता में जिले से 50 खिलाड़ी शामिल हुए

■ चयनित खिलाड़ी 12 को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का करेंगे प्रतिनिधित्व

**नगरी।** खेलों को बढ़ावा देने एवं खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली के संयोजन में जिला स्तरीय स्क्वैश चयन प्रतियोगिता शासकीय शिक्षा कन्या परिसर दुगली में आयोजित की गई।

इस प्रतियोगिता में जिलेभर से 50 खिलाड़ी शामिल हुए। इस अवसर पर शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली के प्रधान पाठक एवं मुख्य अतिथि ओ. पी. वर्मा उपस्थित थे। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्साह की सराहना की। प्रतियोगिता का संचालन व्यायाम शिक्षक सुश्री गोपिका बारिक, विकास कोसरिया, केशव कुमार जलक्षत्री, सामुअल मसीह एवं गोपेश कुमार साहू ने किया। खिलाड़ियों का चयन पूर्णतः खेल कौशल के आधार पर किया गया। चयनित खिलाड़ी 12 सितम्बर को रायपुर में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने का मंच साबित हुआ, बल्कि जिले में स्क्वैश खेल के प्रसार और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी रही।

# 200 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण 41 ने किया रक्तदान, 1 मरणोपरांत नेत्रदान

■ पीपरछेड़ी में स्वैच्छिक रक्तदान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)





संस्था आर्ट ऑफ लिविंग एवं युवा प्रकोष्ठ झिरिया साहू समाज पीपरछेड़ी के संयुक्त तत्वावधान में झिरिया साहू समाज भवन पीपरछेड़ी (दे) में स्वैच्छिक रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती भारती साहू एवं सरपंच श्रीमती आसनी साहू ने किया। इस अवसर पर

जनपद सदस्य श्रीमती साहू ने कहा कि यह पहल सराहनीय है। स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में सदैव अग्रसर रहने की बात कही। विशेष अतिथि डॉ वाधवानी सुपरवाइजर उप स्वास्थ्य केंद्र गुजरा ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर युवा प्रकोष्ठ झिरिया साहू समाज द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाई परामर्श एवं रक्तदान शिविर रखा गया।

सरपंच श्रीमती आसनी ने कहा कि शिविर में 41लोगों ने रक्तदान, 1 मरणोपरांत नेत्रदान, 200 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई जिनमें150 हीमोग्लोबिन और ग्रुप, 52 ब्लड शुगर और बीपी शामिल हैं। जांच पश्चात 69 लोगों ने निःशुल्क दवाइयां प्राप्त की। इस आयोजन में आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक हरीश साहू, झिरिया साहू समाज अध्यक्ष भूपत साहू, उपाध्यक्ष हेमलाल साहू, कोषाध्यक्ष विजय साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वासु साहू, उपाध्यक्ष ख़ेमलाल साहू समेत नीलकमल, डुमेंद्र, हेमंत, चंदनदास, नीरज, राजेश, फलेश, भेवेश, झमेश, डामेश्वर, किशोर, रितुराज, पंकज, डोमेंद्र, मिथलेश, गीतेश, तिलोचन, धनेश, हरिकांत, मुरली आदि का सहयोग रहा।

## छत्तीसगढ़ से जल्द ही छूआछूत, जातिवाद के जहर को खत्म करना है : वशिष्ठ



■ सर्व समाज समन्वय महासभा की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सर्व समाज समन्वय महासभा की बैठक गुरुवार को हुई जिसमें सर्व समाज समन्वय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव वशिष्ठ शामिल हुए। श्री वशिष्ठ ने बताया कि 19 सितम्बर को प्रदेशस्तरीय बैठक होने वाली है। इस बैठक में छूआछूत, भेदभाव, जातिवाद के जहर को छत्तीसगढ़ से खत्म करना है। बैठक में संघ के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी के अलावा विश्व हिन्दू परिषद की राष्ट्रीय सलाहकार साध्वी रेणुका भी शामिल होंगी। नारी शक्ति महासभा की जिला अध्यक्ष पदमनी चंद्राकर, जिला संयोजक दिलीप पटेल ने बताया कि प्रदेशस्तरीय बैठक के लिए सभी समाज प्रमुखों से संपर्क किया जा रहा है। आभार व्यक्त सर्व समाज की जिला सचिव चन्द्रकला पटेल ने किया।

बैठक में हरजिंदर छाबड़ा, नील पटेल, चित्ररेखा निर्मलकर, ईश्वरी पटवा, श्यामा पटेल, रेणुका नाडेम, संगीता जगताप, रूक्मणि सोनकर, अहिल्या देवांगन, तारा साहू, गायत्री सोनी आदि उपस्थित थे।

## मास्टर ट्रेनर ने बताई संसदीय प्रक्रिया की बारीकियां



■ युवा संसद प्रतियोगिता के लिए दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी और अंग्रेजी माध्यम श्रृंगीऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में विकासखंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षण संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर सुरेन्द्र नेताम ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने, अनुशासन की स्वस्थ आदतें विकसित करने, छात्र समुदाय को संसद प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से परिचित कराने, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बेबाकी से बात रखने के लिए सशक्त करने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस बार यह प्रतियोगिता विकासखंड स्तर पर 24 सितंबर और जिला स्तरीय प्रतियोगिता 7 अक्टूबर को हरदिहा साहू समाज भवन धमतरी में आयोजित होगा। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती माहेश्वरी ध्रुव, सेजेस नगरी के प्राचार्य श्री एस के प्रजापति सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर द्वारा संसदीय प्रक्रियाओं की बारीकियों को बताया गया।

## शिक्षक के निधन पर संघ ने एक लाख की संवेदना राशि का चेक दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

छग टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक नगरी के सदस्य, माध्यमिक शाला महुआबाहरा संकुल केंद्र उमरगांव के शिक्षक विश्रामसिंह मरकाम का आकस्मिक निधन 8 अगस्त को हो गया। उनके असामयिक निधन से शिक्षा जगत में अपूरणीय क्षति हुई है। उनके गृहग्राम छिंदीटोला में संघ के शिक्षकों द्वारा संकल्प अनुसार दिवंगत शिक्षक की पत्नी श्रीमती श्यामा मरकाम को एक लाख रुपए की संवेदना राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर संघ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र कौशल, सचिव टीकम सिन्हा, कोषाध्यक्ष तोमल साहू, संकुल अध्यक्ष ओमप्रकाश देव, पवन साहू, लक्ष्मीनाथ नेताम, रेखराम साहू, खिलेश्वर साहू, सदस्य रोशन लाल सार्वा, कमलेश सूर्यवंशी, कमलेश मल्होत्रा, सुधा निषाद, जयश्री कश्यप, उपेंद्र साहू, यशवंत साहू, नूतन यादव, मनीषा ध्रुव, राजकुमारी साहू, डोमन लाल साहू, चंद्रप्रकाश ध्रुव सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

### भखारा नपं अध्यक्ष ज्योति जैन एवं सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ऑनलाइन शामिल हुए

# अपने दफ्तरों और घरों से करें संपत्ति करों के मूल्यांकन-सुधार की शुरुआत : साव



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

■ उपमुख्यमंत्री ने ली नगरीय निकायों की बैठक

उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों में संपत्ति करों के युक्तियुक्तकरण के लिए बैठक ली। बैठक में नपं अध्यक्ष ज्योति जैन एवं सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ऑनलाइन सम्मिलित हुए। मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित वर्चुअल बैठक में राज्य के सभी नगर निगम के महापौर, आयुक्त व नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री साव के साथ नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस और संचालक आर. एक्का भी ऑनलाइन जुड़े।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में कहा कि नगरीय निकायों के कार्यों से प्रदेश की छवि निर्मित होती है। शहर में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना संबंधित नगरीय निकाय की जिम्मेदारी है। उन्होंने महापौरों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों, अधिकारियों से कहा कि शहर को आगे ले जाने का जिम्मा आप पर है। शहर में संपत्ति करों के मूल्यांकन और उनमें सुधार की शुरुआत अपने कार्यालयों और अपने घरों से करें। उन्होंने कहा कि वार्षिक भाड़ा मूल्य को वर्तमान संपत्ति मूल्यों के अनुरूप अपडेट करने से राजस्व में अच्छी बढ़ोतरी होगी। इससे कर भार सभी संपत्ति मालिकों पर समानुपातिक रूप से वितरित होगा। उन्होंने कहा कि अधिक राजस्व से निकाय वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनेंगे और उन्हें अनुदानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। बढ़े हुए राजस्व से नागरिकों को तेजी से बेहतर जनसुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

श्री साव ने बताया कि वर्ष 2016 के बाद से संपत्ति कर प्रणाली में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके चलते कई नगरीय निकायों में विसंगतियां उत्पन्न हो गई है। उन्होंने सभी महापौरों और अध्यक्षों से संपत्ति करों में सुधार के कार्यों को पूरी शिद्दत और गंभीरता से करने का आग्रह किया।

श्री साव ने बैठक में नगरीय निकायों को अटल परिसरों और नालंदा परिसरों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा। उन्होंने निविदा प्रक्रिया में त्रुटि या लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग की उप सचिव डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, राज्य शहरी विकास अभिकरण एसयूडीए के सीईओ शशांक पाण्डेय और नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य भी मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### गजानन की सेवा में बच्चे जुटे



**सिर्री।** ग्राम सिर्री में बाल गणेश समिति मंडलपारा के बच्चों ने भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना की है। गजानन की सेवा में बच्चे लगे हुए हैं।

### रावनगुड़ा के साहूपारा में स्थापित गणेशजी



**सिर्री।** ग्राम रावनगुड़ा के साहूपारा में नवयुवक गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। इसमें साहू समाज के अध्यक्ष अमरसिंह साहू, चंदन साहू मोकेन्द्र साहू नरेश साहू, प्रमोद साहू, राजेश साहू, डोमन साहू, जीवन साहू, विजय यादव, परमेश्वर यादव, विजय यादव, पूरन साहू, डिकेन्द्र साहू, जीवराखन साहू, कामता यादव का सहयोग रहा।

### सिवनीखुर्द में विराजे गणपति



**कुरुद।** आदर्श नवयुवक गणेश उत्सव समिति द्वारा ग्राम सिवनीखुर्द (स्कूलपारा) में गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। समिति सदस्य हर्ष रावत, हिमांशु प्रजापति, छालेंद्र ध्रुव, टेमन प्रजापति, पप्पू साहू, निलेश, खोमेश, राजेश भगवान गणेश की पूजा-अर्चना में लीन है।

### कर्मचारियों ने अपेक्स बैंक अध्यक्ष को मांग पत्र सौंपा



**पुरी।** छाती सोसाइटी में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता को महासंघ ने बैंक क्रेडर समिति प्रबंधक 50 फीसदी सेवा नियम 2018 अनुसार विभागीय भर्ती के लिए मांग पत्र सौंपा। इस पर श्री गुप्ता ने कहा कि इस विषय पर अपेक्स बैंक में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस दौरान समिति कर्मचारी मौजूद थे।

### गुरुजनों को उपहार देकर किया सम्मानित



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा के शासकीय हाईस्कूल आत्मानंद में शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का उपहार देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर नपं उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने कहा कि गुरु का जीवन में अपना अलग ही महत्व है। गुरु के बिना मनुष्य के जीवन की कल्पना करना असंभव है। गुरु ही हमको जीवन जीने की शैली सिखाते हैं। गुरु का कर्ज चुका पाना नामुमकिन है। इस अवसर पर हाईस्कूल के शाला विकास समिति के अध्यक्ष ईश्वर साहू, प्राचार्य, छात्र-छात्राएं एवं नगर के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### पचपेड़ी स्कूल में शिक्षकों का हुआ सम्मान



**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में भारत के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर पचपेड़ी में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति और छात्र संघ द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। छात्रों ने गुरुओं के महत्व पर विचार व्यक्त किए। शाला विकास समिति के अध्यक्ष गणेशराम गजपाल एवं सदस्यों ने आदिकाल से वर्तमान काल तक गुरु शिष्य परंपरा पर अपनी बात कही। संस्था के शिक्षक साहूकार साहू, हरिश्चंद्र पटेल, प्राचार्य रवींद्र कुमार कोसरे ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शिक्षकीय जीवन से लेकर भारत के राष्ट्रपति के पद पर आसीन होने तक के सफर को बताया। छात्रों को सदैव गुरुओं का सम्मान करने की बात कही। इस दौरान पचपेड़ी के प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों का सम्मान शाल एवं श्रीफल भेंटकर किया गया।

### पचपेड़ी स्कूल में हुई क्विज प्रतियोगिता



**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि पचपेड़ी में प्राचार्य रविंद्र कोसरे के मार्गदर्शन में छग राज्य स्थापना की रजत जयंती पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों को चार टीमों में बांटकर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रत्येक टीम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक सभी कक्षा से एक -एक विद्यार्थी सम्मिलित रहे। प्रतियोगिता में हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, खेल एवं छत्तीसगढ़ राज्य पर आधारित सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता सात राउंड में संपन्न हुई। क्विज प्रतियोगिता के पूर्व कक्षा नवमी के छात्रों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना एवं वर्तमान छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रिमंडल की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी मिथलेश सिन्हा ने किया।

## अंचल की खबरें

### ग्रामीण साहू समाज के रेखराम अध्यक्ष बने



**अंवरी।** ग्रामीण साहू समाज अंवरी द्वारा नये पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। सर्वसम्मति से अध्यक्ष रेखराम साहू को बनाया गया। उपाध्यक्ष मस्तराम साहू, कोषाध्यक्ष उदयराम साहू, सचिव पुरूषोत्तम साहू, संगठन सचिव थम्मनलाल साहू, अंकेक्षक दौवाराम साहू, महिला उपाध्यक्ष सरस्वती साहू, संगठन सचिव यमुना साहू, सहसचिव डोमन साहू बनाए गए। शपथ ग्रहण समारोह में परिक्षेत्र अध्यक्ष कमलेश साहू, संरक्षक विश्वनाथ साहू, केआर साहू कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष तुलेन्द्र साहू, सचिव फूलसिंग समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

### सेवा समिति के सदस्य महामाया के दर्शन के लिए रवाना



**अंवरी।** ग्राम बगौद में लगभग 20 वर्ष पहले जय मां चण्डी सेवा समिति का गठन हुआ है। 4 सितम्बर को समिति के सदस्य मां महामाया के दर्शन के लिए रतनपुर रवाना हुए। मौके पर बिसहत, बिसौहा, कंवल, कंगला, तेजराम, हूबलाल, यमन लाल, मनोज, काशी, दीना, बल्ला मौजूद थे।

### सोमन बने साहू समाज कुर्रा ग्रामीण अध्यक्ष



**अंवरी।** ग्राम कुर्रा में साहू समाज का चुनाव किया गया। सोमन राम साहू को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष लोकेश साहू, संगठन सचिव तोरण साहू, सचिव तरुण साहू, कोषाध्यक्ष येश्वर्य, अंकेक्षक चैतराम साहू, महिला उपाध्यक्ष उमेश्वरी साहू, संगठन सचिव रितु साहू को बनाया गया। पदाधिकारियों को विष्णु साहू ने शपथ दिलाई।

### सहकारिता मंत्री से मिले सहकारी समिति के प्रदेश पदाधिकारी



**पुरी।** छग सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने राजनांदगांव में 4 सितंबर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में भाग लेने आए विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडे को केदारनाथ गुप्ता अध्यक्ष राज्य सहकारी बैंक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन बघेल की उपस्थिति में अपनी लंबित तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष आरिफ खान, गंगादास मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष जागेश्वर साहू, प्रदेश महासचिव ईशवर श्रीवास, प्रदेश संगठन मंत्री वेदप्रकाश वैष्णव, प्रदेश प्रवक्ता रोहित डड़सेना समेत अनेक पदाधिकारी मौजूद थे। यह जानकारी प्रदेश महासचिव ईशवर श्रीवास ने दी है।

### नूतन स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया



**धमतरी।** रोटरी क्लब के सदस्यों ने नूतन स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के 18 शिक्षकों तथा रोटरी के शिक्षक आरके साहू को उनके अमूल्य योगदान और सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 350 से अधिक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। इस आयोजन में प्रेसिडेंट मनीष मित्तल, सेक्रेटरी अर्पित जैन, सुनील अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, मदनमोहन खंडेलवाल, राम कृष्ण साहू, मनसुख अग्रवाल, नंदन दोशी, महेश महावर, राहुल जैन, संदीप अग्रवाल, प्रीतपाल सिंह छाबड़ा, पिंकी खंडेलवाल, पूनम मित्तल, ऋतु लुनावत, पायल गोयल मौजूद थे।

### कलारतराई में बनेगा गौरव पथ



- ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

**धमतरी।** ग्राम पंचायत कलारतराई में 21 लाख की लागत से गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में हर्ष है। गौरव पथ के निर्माण से न केवल गांव का सौंदर्य और सुविधा बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीणों के आवागमन में भी सुगमता आएगी। ग्राम के पदाधिकारी विधायक निवास पहुंचे और गांव के लिए स्वीकृत गौरव पथ निर्माण पर विधायक ओंकार साहू का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच कुलदीप ध्रुव, उपसरपंच माधवेन्द्र साहू, पंच विष्णु साहू, मुकेश साहू, प्रीत साहू सहित खम्हन सिन्हा, दिनेश साहू, धनेश्वरी सिन्हा, भोज साहू, रामकुमारी साहू, टोमिन साहू उपस्थित थे। विधायक श्री ओंकार साहू ने आश्वस्त किया कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास हेतु सभी आवश्यक योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और क्षेत्र की हर बुनियादी सुविधा को सुदृढ़ किया जाएगा।

स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विषयों की समीक्षा की

# सीएमएचओ ने किया साप्ताहिक बैठक का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कुकरेल में आयोजित साप्ताहिक बैठक की सीएमएचओ ने औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की।

शनिवार को निरीक्षण पर कुकरेल पहुंचे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.यूएल कौशिक ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विषयों की समीक्षा की। उन्होंने आईएफए, बीएचएनडी एवं टीकाकरण की प्रगति, प्रसव पूर्ण एवं प्रसव पश्चात माताओं का 100 प्रतिशत एएनसी एवं पीएनसी जांच सुनिश्चित करना, पात्र दंपत्तियों को परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी तरह किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के लिए सेनेटरी पैड एवं साबुन वीएचएनडी दिवस पर उपलब्ध कराने कहा। हाईरिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान कर कम से कम चार बार जांच कराने के निर्देश दिए गए।

गर्भवती महिलाओं को एसएचसी एवं पीएचसी स्तर पर ब्लड एवं यूरिन टेस्ट अनिवार्य करने एवं एचआरपी एवं एएनसी मामलों की समय पर पहचान व प्रसव संस्थागत सुनिश्चित करने निर्देशित किया। गांवों में संक्रामक बीमारियों की सतत निगरानी, बुखार व खांसी के मरीजों की पहचान कर दवाई उपलब्ध कराने पर बल दिया। समीक्षा में कुकरेल में मलेरिया के 2, सिकलसेल के 25, एसएस केस और हाईरिस्क गर्भवती सेक्टर में 39 केस होना पाया गया। सीएमएचओ डा.कौशिक ने कहा कि माता एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं संक्रामक रोग नियत्रंण विभाग की शीर्ष प्राथमिकता है। सभी स्वास्थ्यकर्मियों को समयबद्ध व जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना होगा। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी डा.आदित्य सिन्हा, जिला कार्यक्रम अधिकारी डा.प्रिया कंवर सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष का नगर में हुआ भव्य स्वागत

- छग के सभी जिलों का दौरा कर कार्यकारिणी का गठन करेंगे : टिकरिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का धमतरी आगमन होने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। यह उनका प्रथम प्रवास है। घड़ी चौक में उन पर फूलों की वर्षा की गई। फूलमाला पहनाया गया। ज्ञात हो कि श्री टिकरिहा पूरे प्रदेश के दौरे पर हैं। संगठन को मजबूत करने कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे हैं। शासन की नीतियों को आमजनता तक पहुंचाने संकल्प दोहराया। सर्वप्रथम उन्होंने मां बिलाई माता मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद खुली जीप में सवार होकर शहर भ्रमण करते हुए आमजनता, कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। भाजपा कार्यालय में उन्होंने मीडिया से चर्चा की। चर्चा में उन्होंने कहा कि यह चौथा जिला है जहां वे प्रवास पर हैं। पूरे छग का दौरा करने के बाद कार्यकारिणी का गठन करेंगे। उनका मुख्य उद्देश्य ट्रिपल इंजन की सरकार में युवाओं को योजनाओं का लाभ दिलाना है।

**महापौर से मिलने पहुंचे**



महापौर रामू रोहरा से मुलाकात करने प्रदेशाध्यक्ष राहुल उनके निवास पहुंचे। उनसे संगठनात्मक चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने एवं युवाओं की ताकत को जनहित में लगाना उनकी पहली प्राथमिकता है। महापौर ने कहा कि युवा नेतृत्व से मोर्चा नई जोश व उर्जा से काम करेगा।

### प्रियंका कालोनी में हुआ प्रसादी का वितरण



**कुरूद।** प्रियंका कॉलोनी में धूमधाम से गणेश उत्सव का पर्व मनाया। समिति के युवा सदस्यों सहित महिलाओं-बालिकाओं ने हवन पूजन पश्चात भंडारा प्रसादी का आयोजन किया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया। भंडारा में लखन नवलानी, मनीष अग्रवाल, गोविन्द शर्मा, अंकित, अमन, वरुण, विनीत, लक्की, निखिल, पीयूष, शिवाय, वासु, पलक रूपाली दिव्यम, निकुंज, चिराग, मीनल, चिंकी, स्वाति, ईशा, कुमुद, लक्ष्य सहित कॉलोनीवासियों ने अपना संपूर्ण योगदान दिया।

## कोण्डापार में शिक्षक-शिक्षिकाओं का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

शिक्षक दिवस पर ग्राम पंचायत कोण्डापार के पूर्व उपसरपंच हेमंत नवरंगे, भूतपूर्व छात्र धीरज चौहान, ग्रामीण साहू समाज के सचिव निरंजन साहू एवं पूर्व ग्राम प्रमुख दाऊलाल बंजारे ने प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। हरेन्द्र साहू शिक्षक प्रा.शाला कोण्डापार को धमतरी जिला स्तर पर शिक्षक अलंकरण से अलंकृत किये जाने पर हर्ष व्यक्त किया।

इस अवसर पर शासकीय हाईस्कूल की प्राचार्य श्रीमती मनीषा शर्मा, शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला प्रधानपाठक सुश्री गायत्री नागेंद्र सहित शाला परिवार उपस्थित था।

## स्काउट-गाइड संघ ने सेवानिवृत्त शिक्षक का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भारत स्काउट-गाइड स्थानीय संघ कुरूद ने शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षक आरके आमदे का शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। श्री आमदे ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं है बल्कि सम्पूर्ण चरित्र का निर्माण करती है। उससे ही समाज की दिशा तय होती है। उन्होंने स्थानीय संघ का आभार जताया। संघ के अध्यक्ष मनीष साहू ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं है, बल्कि समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिस तरह कुम्हार घड़े का सृजन करता है, ठीक उसी प्रकार शिक्षक भी व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। स्काउटिंग गतिविधियों में भी शिक्षकों का नवाचार और समर्पण दिखता हैं। उपाध्यक्ष राजेश पांडेय ने कहा कि शिक्षक किसी भी समाज के सच्चे स्तंभ होते हैं। राष्ट्र की शक्ति मूलतः उसके नागरिकों की गुणवत्ता से जुड़ी होती है और यह गुणवत्ता उनकी शिक्षा से आकार लेती है। इस मौके पर प्रमुख रूप से श्रवण साहू, धनंजय ठाकुर, गोकुल साहू उपस्थित थे।

उमरगांव में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन

## खिलाड़ियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में दिखाई अपनी क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी




नंदा नवमी नवाखाई पर्व पर छात्र शक्ति युवा मंडल उमरगांव के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ। गौरा चौक ठाकुरपारा मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग की अलग-अलग स्पर्धाएं रखी गईं, जिनमें रायपुर, दुर्ग, बालोद सहित कई जिलों से आए कबड्डी दल ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विशेष आकर्षण बालिका वर्ग की टीमों का उत्साही प्रदर्शन रहा। बालिकाओं ने पूरे आत्मविश्वास और जोश के साथ मैदान में अपनी क्षमता का परिचय दिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार शेष ने बताया कि पिछले 27 वर्षों से यह परंपरा लगातार जारी है। बालिकाओं की भागीदारी ने इस आयोजन की गरिमा को और भी बढ़ा दिया है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रकाश सिंह बैस अध्यक्ष भाजपा जिला ने कहा कि वीर सेनानियों की धरती उमरगांव में खेलों का यह आयोजन गौरव की परंपरा है। उन्होंने अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि उन्होंने भी इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी के रूप में भाग लिया था। समारोह के दौरान ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार मारकोले ने गांव की विभिन्न मांगों को मुख्य अतिथि के समक्ष रखा। इस पर श्री बैस ने आश्वस्त किया कि इन मांगों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा।समारोह की अध्यक्षता घुरऊ राम शेष,अध्यक्ष गौरा चौक ठाकुरपारा ने की।

विशेष अतिथि हृदय साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, अकबर कश्यप, उपाध्यक्ष भाजपा जिला धमतरी, नरसिंह मरकाम, सरपंच सिरसिदा, दीपक साहू, महामंत्री एसडीओ, बलराम साहू थे। जनसमूह ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और आयोजन को खेल व संस्कृति का अद्भुत संगम बताया। यह आयोजन न केवल गांव की परंपरा को जीवित रख रहा है बल्कि नई पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरित करने का कार्य भी कर रहा है।

बालिका वर्ग में प्रथम रामेश्वर पलटन लालपुर, रायपुर द्वितीय बालिका प्रगति क्लब, रायपुर तृतीय गर्ल कबड्डी क्लब कोरर, चतुर्थ बालिका कबड्डी क्लब धनेली (बालोद) रहे। पुरुष वर्ग में प्रथम कबड्डी क्लब देवरी (बालोद), द्वितीय वीर कबड्डी दल आरंग, तृतीय जय मां शीतला कबड्डी क्लब छुरा, चतुर्थ छात्र शक्ति युवा मंडल उमरगांव रहे। बेस्ट रेडर में विशेष पुरस्कार शुभम निर्मलकर (देवरी बालोद), आलराउंडर लक्की साहू (आरंग), बेस्ट केचर नंदकुमार वट्टी (उमरगांव), बेस्ट ब्लॉकर रवि साहू (देवरी बालोद), मैन ऑफ द मैच रोमन साहू (देवरी बालोद), बेस्ट दर्शक टिकेश्वरी सेन रहे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष श्रवण कुमार शेष, उपाध्यक्ष दुर्योधन मरकाम, सचिव गंगाराम विश्वकर्मा, सहसचिव योगेश मरकाम, कोषाध्यक्ष रवि मरकाम, विष्णु शेष, उनकरण ठाकुर, रविशंकर मरकाम, किशोर भंडारी, लोकेश कुंजाम सहित छात्र शक्ति युवा मंडल के सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

## गजानन के भजन और छग लोकगीतों पर झूमे दर्शक





हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

- सिर्री में हुई फूलवारी दावना की प्रस्तुति

बाल गणेश उत्सव समिति सिर्री भाठापारा में मोहल्लेवासियों के सहयोग से भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। मनोरंजन के लिए 4 सितंबर गुरुवार को छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक फूलवारी दावना तमोरा जिला बालोद की प्रस्तुति हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश के भजन, गीतों से किया गया। पश्चात छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की छटा बिखेरते हुए विभिन्न सांस्कृतिक परिधान में नृत्य की प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक आयोजन होने ग्रामीणों की भी खचाखच भीड़ रही। भगवान गणेश के भजनों व लोकगीतों में दर्शक झूमते नजर आए।

## अब खाद रखने, धान की खरीदी करने में नहीं आएगी परेशानी

- सिवनीकला सोसाइटी में गोदाम, कवर्ड शेड, ओपन प्लेटफार्म का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिवनीकला में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए भूमिपूजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकार के प्रयास से सिवनीकला सोसाइटी में मंडी निधि से 200 मे. टन गोदाम, कवर्ड शेड, ओपन प्लेटफार्म के निर्माण हेतु 36 लाख 38 हजार राशि की स्वीकृति मिली है। भूमिपूजन मुख्य अतिथि टेकराम साहू जनपद सदस्य ने किया। अध्यक्षता सरपंच लता जितेश्वर ध्रुव ने की। विशिष्ट अतिथि दीपदान साहू उपसरपंच, कपिल पटेल ग्रामीण बूथ अध्यक्ष, सुशील साहू पूर्व सभापति जनपद पंचायत कुरूद, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, चंद्रप्रकाश साहू सोसाइटी अध्यक्ष, ओमप्रकाश साहू समिति प्रबंधक शामिल रहे। कवर्ड शेड , गोदाम के बनने से किसानों को लाभ मिलेगा। खाद रखने, धान की सुरक्षित खरीदी करने जैसी सुविधा समिति एवं किसानों को मिल पाएगी।

इस अवसर पर दीपक साहू सरपंच बकली, खिलावन चंद्राकर, कुंजीलाल साहू, सुरेश साहू पंच, सुरेश तारक, निर्मल पाल, गंभीर प्रसाद, राजेंद्र साहू, दुर्गेश बैस, कृष्णा तारक, संत साहू, खुमान साहू, शेखर, निर्मलकर, अवध साहू, चेतन गंजीर, अंजोरू, जेठू साहू, बोधन साहू, कुमार पाल, रामचंद, देवलाल साहू, चंदू ध्रुव, श्रीराम तारक, पवन चौधरी, लालाराम की उपस्थिति रही। राशि स्वीकृत होने पर किसानों ने क्षेत्रीय विधायक का आभार व्यक्त किया है।

## कालेज परिसर में रोपे गए पौधे सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाया



- विद्यार्थी स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाएं : डॉ. वेरूलकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान एवं पौरोपण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरूलकर के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम अंतर्गत परिसर की साफ- सफाई की गई तथा उद्यान निर्माण हेतु क्यारियों का निर्माण किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया गया, जिसमें पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड भी लगाया गया। प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरूलकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता और हरियाली केवल आज का नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों का दायित्व है। विद्यार्थियों को समाज में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमा चंद्राकर ने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल परिसर तक सीमित न रहे, बल्कि जीवन शैली का हिस्सा बने। सहायक कार्यक्रम अधिकारी सुश्री निरूपा साहू नेकहा कि पौधरोपण व श्रमदान से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण एवं सामूहिक कार्य की भावना प्रबल होती है। वरिष्ठ स्वयंसेवक खूबचंद साहू, कुलेश्वर सिन्हा, संदीप, भेषराम, ओजेश्वर, वीरेंद्र, रोशनी एवं धैर्य कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## खबर संक्षेप



### पीपल के पत्ते पर उकेरी टाइगर, हिरण की आकृति

**नगरी।** ग्राम मोदे निवासी लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य ने पीपल के पत्ते पर टाइगर, हिरण की आकृति उकेरी है। इस आकृति को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद भा.व.से. उपनिदेशक वरुण जैन एवं अंकुश उपाध्याय स्टेनो को भेंट किया। उनके लीफ आर्ट को राष्ट्रीय बाग संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली भेजा गया है। इससे पहले विकास ने हाथी बचाओ अभियान पर कला माध्यम के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया था। वे कई महान पुरुषों की आकृति बना चुके हैं।

### पर्यटन मंत्री से मिले प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



**धमतरी।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा बस्तर संभाग के सहप्रभारी व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमराज सोनी विष्णुदेव सरकार के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल (पर्यटन धार्मिक न्यास) के पदभार ग्रहण समारोह शामिल हुए। श्री सोनी ने पर्यटन मंत्री से उनके कक्ष में धमतरी जिले मे गंगरेल के अलावा ओन्हाकोना, सोंढूर बांध, माड़मसिल्ली बांध के विकास को लेकर चर्चा की। बताया कि पर्यटन के रुप में इसे विकसित करने से पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। श्री सोनी ने मंत्री को धमतरी आने का आग्रह किया गया जिस पर पर्यटन मंत्री ने जल्द ही आने का आश्वासन दिया।

### देसी गाय के गोबर से बनाई भगवान गणेश की प्रतिमा

**धमतरी।** पर्यावरण संरक्षण, वैदिक ज्ञान एवं सनातन संस्कार के उद्देश्य को लेकर वंदे मातरम स्कूल



विद्यार्थियों को विभिन्न कलाओं एवं गतिविधियों में अग्रसर कर रहा है। इस कड़ी में स्कूल के संचालक सुबोध राठी के प्रोत्साहन पर कक्षा चौथी के छात्र भूमन्यु कुंभकार ने देसी गाय के गोबर से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाई है, जो अत्यंत आकर्षक एवं पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित हैं।

### पेंशनरों की मासिक बैठक 8 को

**कुरुद।** पेंशनर्स एसोसिएशन कुरुद की मासिक बैठक 8 सितंबर सोमवार को दोपहर 12 बजे से पेंशनर भवन कुरुद में आयोजित की गई है। शिक्षक दिवस का आयोजन, सितंबर माह में जन्म दिवस वाले पेंशनरों समेत नये सदस्यों का सम्मान किया जायेगा। पेंशनर्स एसो. अध्यक्ष आरएल चन्द्राकार, सचिव लिखनलाल साहू ने सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

छोटी-बड़ी सभी प्रतिमाएं रूद्री घाट में हो रही विसर्जित

# गणपति जी के विसर्जन का सिलसिला शुरू







हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विघ्नहर्ता गणपति बप्पा की ग्यारह दिनों तक पूजा- अर्चना के बाद शनिवार से विदाई का सिलसिला प्रारंभ हो गया। भक्तों ने हवन पूजन के बाद विसर्जन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

अनेक समितियां शनिवार की शाम 6 बजे से देर रात तक हवन पूजन करती रही। रविवार को दिनभर हवन पूजन, गणपति विसर्जन का सिलसिला चलेगा। शुक्रवार से ही हवन पूजन प्रारंभ हो गया था लेकिन प्रतिमा विसर्जित नहीं हुई। शनिवार को सुबह से ही रूद्री स्थित रूद्रेश्वर घाट में विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो गया। घरों में विराजित मध्यम आकार की प्रतिमाएं रूद्री घाट में विसर्जित की गई। विसर्जन की बेला में भक्तों में उत्साह देखने को मिला। जयकारे के साथ प्रसादी वितरण किया। रूद्री में जिला एवं निगम प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता के इंतजाम किए गए हैं। कुंड में बड़ी प्रतिमाएं क्रेन के माध्यम से तथा छोटी प्रतिमाएं नदी की धार में बोट-नाव के सहारे विसर्जित की गई। कुछ स्थानों पर आम भंडारा का आयोजन किया गया। खीर-पूड़ी, चना-पोहा, जलेबी मिठाई, केला आदि वितरित किए गए। भक्त बप्पा की विदाई में ढोल-ताशा, बैंडबाजा, डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए। यह सिलसिला सोमवार सुबह तक चलेगा। इसे देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सोमवार तक रूद्रीघाट तक रहेगी। गहरे पानी में उतरकर मूर्ति विसर्जित करने की मनाही है। घर में विराजित मूर्तियों को विसर्जन करने परिवार सहित भक्त रुद्री घाट पहुंचे। जहां आरती के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया। बच्चों ने नम आंखों से बप्पा को विदाई दी। मछुआरों ने टयूब में रखकर नदी की धारा में प्रतिमा का विसर्जन किया। हवन सामग्री के लिए अलग से स्थान नियत किया गया था, ताकि नदी में प्रदूषण न फैले। घाट के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिसे कंट्रोल रूम से आपरेट किया जा रहा है। गोताखोर यूनिफार्म में तैनात हैं। अधिकारी कर्मचारी की डयूटी शिफ्ट वाइस लगी है।

**■ आज रात 9 बजे निकलेगी झांकी**

धमतरी में विराजित आकर्षक एवं बड़ी प्रतिमाओं के लिए श्रीराम संगठन की ओर से घड़ी चौक के पास झांकी प्रदर्शनी का कार्यक्रम रखा गया है। झांकी रात्रि 9 बजे से प्रारंभ होगी जो सुबह तक चलेगी। झांकी के लिए 20 प्रविष्टियां आ चुकी हैं। इस बार प्रतियोगिता नहीं है। सभी झांकी को इनाम दिया जाएगा। झांकी घड़ी चौक से सदर बाजार होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर परिसर से रूद्री घाट जाएगी।

**■ आज मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे**

ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक रविवार 7 सितंबर को चंद्रग्रहण रहेगा। रात्रि 9 बजे से रात्रि 2 बजे तक ग्रहण का असर रहेगा। इससे 9 घंटे पूर्व सूतक लगेगा। सूतक और ग्रहणकाल में शहर के सभी मंदिरों के कपाट बंद रहेगे।

**■ पितृपक्ष सोमवार से**

सोमवार 8 से 21 सितंबर तक पितृपक्ष रहेगा। पितृपक्ष में श्रद्धालु अपने पितरों की पूजा कर आह्वान करेंगे, तर्पण करेंगे। इस 15 दिन की अवधि में शुभ कार्य वर्जित है।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



कोड़ेबोड़ के पास हुआ हादसा, चालक गिरफ्तार



नेशनल हाईवे 30 में कोड़ेबोड़ के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक शिक्षिका की मौत हो गई। 6 सितंबर को लगभग 2 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद अपनी स्कूटी सीजी 05 एके 2522 से वापस गांव सेमरा बी लौट रही थी। कोड़ेबोड में डिवाइडर के पास रास्ता पारकर यू- टर्न लेते समय रायपुर से धमतरी की ओर जा रही तेज रफ्तार कार सीजी 04 केजेड 9974 ने स्कूटी सवार शिक्षिका को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गई। घटनास्थल पर तुरंत पहुंची बिरेझर पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायल को तत्काल सिविल अस्पताल कुरूद भेज दिया। जहां परीक्षण पश्चात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिरेझर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सेमरा बी (भखारा) निवासी शिक्षिका नन्दनी सिन्हा पति हरीश सिन्हा 49 वर्ष मगरलोड ब्लॉक के ग्राम कुंडेल हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ थी। वह रोज गांव से अपनी स्कूटी से स्कूल आना-जाना करती थी। शनिवार को भी वह सुबह स्कूल गई हुई थी जहां से वापस घर लौट रही थी तभी यह हादसा हो गया। बिरेझर पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर कार को अपने कब्जे में ले लिया है। पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को शव सौंप दिया गया। इस घटना से सेमरा एवं तथा स्कूल स्टाफ में शोक की लहर है।

## आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की धमतरी तहसील की कार्यकारिणी गठित





■ जयपाल ठाकुर अध्यक्ष, सचिव ढालूराम बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज धमतरी तहसील के पदाधिकारी सर्वसम्मति सेचुने गए। तहसील संरक्षक के रूप में गजानंद मरकाम एवं धुरसिंग नेताम को मनोनीत किया।

समाज ने पुनः विश्वास जताते हुए जयपाल ठाकुर को तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। उपाध्यक्ष पद पर राधेश्याम नेताम और भीखम नेताम का चयन किया गया। सचिव एक बार फिर ढालूराम ध्रुव बनाए गए तो सहसचिव पद की जिम्मेदारी कोमल नेताम को सौंपी गई।

कोषाध्यक्ष पद पर संतोष ध्रुव का चयन हुआ, जबकि संचालक शेष कुमार बनाए गए। सलाहकार पद के लिए डॉ. ए.आर. ठाकुर एवं जगदीश मरकाम को मनोनीत किया।

महिला प्रभाग में नंदा ध्रुव, गीता नेताम और अनिता ठाकुर को शामिल किया गया है। युवा प्रभाग से खिलेश नेताम और नंदकुमार को कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। इस अवसर पर आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के संरक्षक जीवराखन मरई ने कहा कि यह टीम समाज के उत्थान एवं एकता के लिए काम करेगी। विकसित समाज बनाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर चुनाव पर्यवेक्षक उदय नेताम, शिवप्रसाद कोर्राम, विमल नेताम, हुलार सिंह कोर्राम, सुभाष कतलम, राजेन्द्र ध्रुव, लाल सिंह चंद्रवंशी, ईश्वर कोर्राम, सुदर्शन ठाकुर, जीवन लाल कुरेटी, कृष्णा नेताम, सीताराम ध्रुव, बंशीलाल छेदैया, अनिल कुमार कुंजाम, शंकर नेताम, रामेश्वर मरकाम, हेमंत छेदैया, रामसाय नेताम, टीकाराम नेताम, सैनकुमार मंडावी, गिरधारी लाल नागवंशी, जगमोहन मंडावी, मनराखन सिंह मंडावी, राजकुमार मंडावी, श्यामलाल ध्रुव सहित सैकड़ों समाजजन मौजूद रहे।

12 शिक्षादूत, 3 ज्ञानद्वीप, 6 शिक्षाश्री, 73 को उत्कृष्ट पुरस्कार मिला

## जिले के 88 शिक्षकों को मिला शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले के 88 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान मिला। यह कार्यक्रम जिलास्तर पर आयोजित था, जिसमें पूरे जिले के शिक्षक सम्मिलित हुए। आयोजन सामुदायिक भवन में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, विशिष्ट अतिथि रामू रोहरा महापौर, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पूर्व विधायक रंजना साहू, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग आयोग नेहरू निषाद की उपस्थिति शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में 12 शिक्षकों को शिक्षादूत पुरस्कार, 3 शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार, 6 शिक्षकों को शिक्षा श्री पुरस्कार, 73 शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक का पुरस्कार दिया गया।

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि शिक्षक बच्चों में संस्कार, ऊर्जा, गौशाला, विकास पैदा करता है इसलिए शिक्षक हमारे समाज में सम्मानित है। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि देश के बड़े पदों पर आसीन लोगों को ही शिक्षक तैयार करता है। शिक्षक ही शिक्षा के क्षेत्र में नए इतिहास रचते हैं। नेहरू निषाद ने कहा कि गुरू की भूमिका को राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया गया है। रंजना साहू ने कहा कि धरती पर भगवान को भी शिक्षक की जरूरत पड़ी। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान गर्व की बात है।

## कोलियारी स्कूल की शिक्षिका प्रीति शांडिल्य को मिला राज्यपाल सम्मान पुरस्कार

■ धमतरी ब्लाक की एकमात्र शिक्षिका को पुरस्कार मिलने से अंचल में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के समीपस्थ ग्राम कोलियारी की नवीन प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका प्रीति शांडिल्य को शिक्षक दिवस पर रायपुर राजभवन में उनकी शिक्षा में उपलब्धियों को लेकर राज्यपाल रमेन डेका ने राज्यपाल पुरस्कार 2024-25 से सम्मानित किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, पारितोषिक दिया गया। इस अवसर पर छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव भी उपस्थित थे। पुरस्कार मिलने के बाद राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं दी। प्रीति ने सभी अतिथियों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

राज्यपाल पुरस्कार मिलने के बाद प्रीति ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि वे बेहद खुश हैं। एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। अब दोगुने उत्साह से शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाएंगे। उन्होंने इस पुरस्कार को अपने सहपाठी, माता-पिता, गुरूजनों का आशीर्वाद बताया।

प्रीति ने बताया कि स्कूल में नवाचार को बढ़ावा देने, छात्रों में दर्ज संख्या बढ़ाने, खेल- खेल में पढ़ाई में रूचि पैदा करने की प्रेरणा पूर्व सहायक संचालक मगर सर, अरूण गौर, डीईओ तेजराम जगदल्ले, प्रपा महेन्द्र कुमार ध्रुव, शिक्षिका अंजलि पांडे, संकुल समन्वयक मनोज साहू, बीआरसी ललित सिन्हा, बीईओ लीलाधर चौधरी, डीएमसी जैन सर, एपीसी नंदकिशोर साहू, डीपीओ खेमेन्द्र साहू से मिली।

ग्राम कोलियारी की सरपंच ज्योति सोनकर ने भी उनका हौसला बढ़ाया है। प्रीति को राज्यपाल पुरस्कार मिलने पर धमतरी ब्लाक के शिक्षकों में खुशी है। बता दें कि धमतरी ब्लाक से एकमात्र शिक्षिका प्रीति शांडिल्य का नाम राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित हुआ था। ग्राम कोलियारी के सरपंच, पंचगण, ग्रामवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए उनका अभिवादन किया।

## जीएसटी में छूट भारत के स्वर्णिम भविष्य का नया अध्याय : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी में आर्थिक राहत प्रदान करने के निर्णय का भाजपा छग प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने स्वागत करते हुए कहा है कि आम आदमी की दैनिक दिनचर्या में जिन वस्तुओं की सर्वाधिक उपयोगिता है, उनमें राहत देकर आर्थिक रूप से देशवासियों के जीवन स्तर को ऊपर करना इसका प्रमुख उद्देश्य दृष्टिगोचर होता है। आगे कहा कि देश का मध्य एवं निम्न वर्ग अब दैनिक उपयोग की वस्तुओं को अपने घर तक सुलभता के साथ पहुंचा सकेगा। इसका श्रेय यदि किसी को जाता है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण है। श्री गांधी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफार्म का जो संकल्प लिया था, आज वह साकार हुआ है। जीएसटी काउंसिल की सर्वसम्मति से पारित यह ऐतिहासिक निर्णय 144 करोड़ भारतीयों के जीवन को सरल, सुगम और सशक्त बनाने का संकल्प है। दिवाली से पूर्व प्रधानमंत्री ने देशवासियों को ऐसी सौगात दी है, जिससे हर घर में खुशहाली आएगी। यह निर्णय आम आदमी, किसान, युवा और छोटे व्यापारियों के जीवन में अभूतपूर्व सुगमता लाएगा तथा विकसित भारत के निर्माण को नई गति देगा।

## कॉम्पटेक कालेज में छग रजत जयंती उत्सव प्रारंभ





■ प्रथम दिन छात्रों ने विभिन्न विषयों पर रुचिकर, ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिये

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का शुभारंभ कॉम्पटेक महाविद्यालय सोरिद नगर में हुआ। प्रथम दिवस विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के परिप्रेक्ष्य में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर रुचिकर, ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया।

छत्तीसगढ़ की विविधता, संस्कृति, खनिज संसाधन, हरित क्रांति, किसान हमारा अन्नदाता, आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ आदि विभिन्न विषयों पर बीसीए के भूमिका साहू , नंदिनी देशमुख, यमन साहू, याशु, बीकॉम से राहुल देवांगन एवं पीजीडीसीए से गीतांजलि , गीतिका साहू एवं भूषण चंद्र ने प्रभावपूर्ण प्रस्तुति दी। महाविद्यालय की डॉ रीना नामदेव ने अपने उद्बोधन में विकसित छत्तीसगढ़ @2047 रोडमैप कार्यक्रम पर जानकारी दी। डायरेक्टर डॉ आशीष नामदेव ने विद्यार्थियों को विकसित छत्तीसगढ़ 2047 में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राध्यापकगण सीमा सोनी, शशि साहू, भुजेश मंडावी समेत बड़ी संख्या में विद्याथी मौजूद थे। महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह 12 सितंबर तक आयोजित होगा।

## सांकरा स्कूल में बालिका सुरक्षा पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा में मिशन वात्सल्य अंतर्गत बालिका सुरक्षा बाल अपराध बाल विवाह संबंधी जागरूकता हेतु कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग धमतरी की चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक नीलम साहू, अनुराग खलको सुपरवाइजर, एम गिरधारीलाल सुपरवाइजर ने बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

पाक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम, गुड टच, बैड टच, बाल तस्करी जैसे मुद्दों के बारे में बताया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती अनिभा अग्रवाल एवं संस्था की 300 बालिकाएं उपस्थित थीं।

### फरसियां में नवाखाई ठाकुर जोहारनी पर्व मनाया गया

**नगरी।** ग्राम फरसियां नयापारा में नवाखाई ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम मनाया गया। मुख्यातिथि थानसिंग मरकाम थे। अध्यक्षता जवाहरलाल मरकाम ने की। मौके पर ग्रामीण युवक युवती प्रभाग अध्यक्ष भूपेंद्र मरकाम, वेदवत्ती शोरी, महेन्द्री मरकाम, सावत्री नेताम उपस्थित थे।

## ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर दी गणपति को विदाई



■ गूंजे गणपति बप्पा मोरया के जयकारे, विसर्जन गोढ़ियारी तालाब, माता तालाब में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर सहित आसपास के ग्रामों में गणेश उत्सव का समापन बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। दस दिनों तक भक्तों ने प्रतिदिन सुबह-शाम विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रभु गणेश की आराधना की। चौक-चौराहों पर भक्तों की भीड़ उमड़ती रही और समिति की ओर से रात्रिकालीन सांस्कृतिक एवं भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

शनिवार को नगरवासियों ने गणेश जी की प्रतिमा को सुसज्जित ट्रैक्टर रथ पर विराजित कर ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए विसर्जन यात्रा निकाली। पूरे मार्ग में गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजते रहे। दीना यादव, टीपी शेर, राजू सेन, मिश्रीलाल साहू, चमन साहू, कचरू बिसेन, राजा बिसेन, गोपाल बिसेन, सोनू सेन, लीलेश्वर साहू, हर्ष साहू, मनेष यादव, भूपेंद्र नेताम, हेमू यादव, उमेश साहू, निखिल त्रिलोक यादव, सहिल, धीरू डीजे के समाने नाचते हुए दिखाई दिए। विसर्जन गोढियारी तालाब और माता तालाब में देर शाम तक हुआ। विसर्जन स्थलों पर पुलिस विभाग द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था रखी गई थी।







